प्रेस विज्ञप्ति

* भाषा विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम कोजैक में प्रतिभागियों के हुनर का प्रदर्शन*

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मनाए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम कोजैक के दूसरे दिन मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, बायो फेस्ट, शॉर्ट वीडियो तथा फोटोग्राफी की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

मेहंदी प्रतियोगिता में राजस्थानी तथा पंजाबी थीम के अंतर्गत 31 प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता से जज तबस्सुम अली, फ़्रीलान्स कंसल्टेंट एवं डॉ तनु डंग को मोहित किया वहीं पोस्टर मेकिंग तथा बायो फेस्ट के प्रतिभागियों ने पोस्टर एवं वर्ग की मॉडल के द्वारा पर्यावरण से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उजागर किया एवं उनका समाधान सुझाया। इन दोनों प्रतियोगिता में कुल 62 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में बतौर जज रविंद्रकुमार, प्राचार्य, बीकेटी कॉलेज, डॉ नलिनी मिश्रा एवं डॉ राहुल कुमार मौजूद रहे।

दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं की अंतिम कड़ी में शॉर्ट वीडियो तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय जीवन से जुड़े पहलुओं को दर्शाने का अवसर मिला। इन दोनों प्रतियोगिता में 21 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी एंट्रीज भेजी। इन एंट्रीज में से सर्वश्रेष्ठ तीन फोटो तथा तीन वीडियो का चयन वरीष्ठ फ़िल्म निर्माता डॉक्टर राकेश निगम तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शचीन्द्र शेखर करेंगे।

इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के अलावा एरा यूनिवर्सिटी, ज्ञानोदय डिग्री कॉलेज, चंद्रभानु एग्रीकल्चर कॉलेज, लखनऊ विश्वविद्यालय, हिमालय इंस्टीट्यूट, नेशनल पी जी कॉलेज, अवध कॉलेज आदि स्थानों के छात्र छात्राओं ने जोश और उल्लास के साथ हिस्सा लिया।

कल एकल गायन, रंगोली और गज़ल गायन की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

डॉ तनु डंग

मीडिया प्रभारी

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ